जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांक /जीविवि/गोपनीय/मेडीकल/2021 293 दिनांक 27.12.2021

अंतिम अवसर

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त संबद्ध बीएड0/एमएड0/शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर ।

विषय– बी0एड0 एवं एम0एड0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर जून 2021 के छात्रों के प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक दिनांक 30.12.2021 तक अपडेट करने बावत् ।

संदर्भ :–कार्यालय आयुक्त उच्चशिक्षा म0प्र0 के पत्र क्रमांक 663/142/आयुक्त उ0शि0/शा0–5'अ'/2021 भोपाल दिनांक 31.05.2021 ।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रायोगिक परीक्षा ओपन बुक पद्धति के आधार पर कराने हेतु निर्देश प्राप्त हुये हैं ।

आपको यह विदित कराया जाता है कि उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ओपन बुक पद्धति अनुसार उत्तर पुस्तिकायें प्राप्त कर उनका महाविद्यालय स्तर से मूल्यांकन करा कर प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक 30.12.2021तक आवश्यक रुप से अपडेट करें । प्रायोगिक परीक्षा हेतु समस्त परीक्षार्थियों से प्राप्त ओपन बुक उत्तर पुस्तिकाओं का संधारण महाविद्यालय स्तर पर ही किया जाना है ।

विशेष नोटः–आप यह सुनिश्चित करें कि किसी भी विद्यार्थी के प्रायोगिक के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। पोर्टल पर प्रायोगिक के अंक भरते समय किसी भी विद्यार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख रिक्त अथवा डेस अंकित नहीं करे। महाविद्यालय द्वारा प्रायोगिक के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मान कर रिजल्ट घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वयं का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य का स्वयं का होगा । विश्वविद्यलय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के ऑफलाइन के अंक मान्य नहीं किये जावेंगे। प्रायोगिक के अंक निर्धारित अवधि में अपडेट नहीं करनें पर उक्त महाविद्यालय के विरूद्ध माननीय कार्यपरिषद के निर्णयानुसार कार्यवाही की जावेगी।

निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित ।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. समस्त संपादक स्थानीय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु ।
2. कुलपति महोदय के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर ।
3. कुलसचिव के निज सहायक , जीवाजी विश्वविद्यालय ,ग्वालियर।
4. उप/सहा.कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर ।
5. प्रबंधक ,माइक्रो इन्फोटेक सर्विसेज प्रा.लि. अजमेर की ओर सैद्धांतिक परीक्षा के असाइनमेंट के अंक ऑनलाइन करने हेतु लिंक प्रदान करने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. श्री संजय बरथरिया एम.पी.ऑनलाइन प्रभारी की ओर आंतरिक/प्रायोगिक मूल्यांकन की परीक्षाओं के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

उप/सहा.कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय)